जागरण

यूपी के कई जिलों में मिलावटखोरों पर बड़ा एक्शन, 338 क्विंटल नकली खाद्य पदार्थ जब्त; कई फैक्ट्रियां सील




**राज्य ब्यूरो, लखनऊ।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा मिलावटी व नकली खाद्य पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत 27 लाख से अधिक कीमत का 338.61 क्विंटल खाद्य पदार्थ जब्त किया गया है।

15, 16 जून व छह-सात जुलाई को प्रदेश के विभिन्न जिलों में चलाए गए अभियान के तहत खाद्य पदार्थों के विक्रेता व उत्पादन करने वालों के ठिकानों की जांच कर 259.33 क्विंटल खाद्य पदार्थ नष्ट कराया गया। वहीं शाहजहांपुर के जलालाबाद में स्थित सौंफ प्रोसेसिंग यूनिट द्वारा खराब सौंफ को सिंथेटिक रंग से रंग कर बेचने और उन्नाव में सिंथेटिक रंग से नकली सास तैयार करने के मामले में गिरीश चन्द्र जैन के प्रतिष्ठान के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/lucknow-city-up-food-safety-cracks-down-on-fake-adulterated-products-40300929.html